समुद्री सुरक्षा में एआई की भूमिका बढ़ेगी

- भविष्य की चुनौतियों से निपटने रोडमैप तैयार करें
- आज की लड़ाइयां सॉफ्टवेयर व सर्विलांस से

नई दिल्ली, 29 सितम्बर. रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने भारतीय तटरक्षक बल को भविष्य की चुनौतियों के लिए तैयार रहने को कहा है. उनका जोर रहा कि नई तकनीकों जैसे, ड्रोन और साइबर सुरक्षा को अपनाना अब विकल्प नहीं, जरूरत है.

भारत के रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने सोमवार को भारतीय तटरक्षक बल के शीर्ष कमांडरों के सम्मेलन में स्पष्ट किया कि भारत को 2047 तक एक विकसित राष्ट्र बनाने का सपना तभी साकार होगा, जब उसकी समुद्री सीमाएं तकनीकी रूप से सुरक्षित हों. उन्होंने कहा कि अब युद्ध केवल गोला-बारूद का नहीं, बल्कि डेटा, ड्रोन और डिजिटल हथियारों का है.

राजनाथ सिंह ने कहा कि समुद्री खतरे तेजी से तकनीकी रूप से परिष्कृत हो रहे हैं. तस्करी और समुद्री डकैती के पुराने तरीके अब एआई स्पूफिंग, रिमोट-नियंत्रित नौकाओं और डार्क वेब आधारित नेटवर्क में बदल चुके हैं. उन्होंने तटरक्षक बल से अपील की कि वे आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, मशीन लर्निंग आधारित निगरानी, साइबर रक्षा और स्वचालित प्रतिक्रिया तंत्र जैसे आधुनिक उपायों को अपनाएं. उन्होंने यह भी चेताया कि अब दुश्मन मिसाइलों से नहीं, बल्कि हैकिंग और इलेक्ट्रॉनिक जैमिंग के जरिए देश की संप्रभुता पर हमला करने की क्षमता रखते हैं. उन्होंने भविष्य की सुरक्षा को सुनिश्चित करने के लिए रोडमैप बनाने का आग्रह किया जो न केवल वर्तमान खतरों का समाधान दे, बल्कि भविष्य के जोखिमों की भी सटीक पूर्व-कल्पना कर सके.



डिजिटल टूल्स ने युद्ध की परिभाषा बदल दी

उन्होंने कहा यह बदलाव इसलिए आया है क्योंकि ड्रोन, सैटेलाइट, सेंसर और डिजिटल टूल्स ने युद्ध की परिभाषा ही बदल दी है. उन्होंने बल को आगाह किया कि आज की लड़ाइयाँ सॉफ्टवेयर और सर्विलांस से लड़ी जा रही हैं. तटरक्षक को सक्षम निगरानी, रीयल टाइम इंटेलिजेंस और स्वचालित सुरक्षा प्रणालियों से लैस होना चाहिए. राजनाथ सिंह ने विशेष रूप से साइबर और इलेक्ट्रॉनिक युद्ध की ओर ध्यान खींचा. अब कोई देश मिसाइल से नहीं, बल्कि साइबर हमलों और हैकिंग के ज़रिए हमारी रक्षा प्रणालियों को निशाना बना सकता है.

रक्षा मंत्री ने वयं रक्षाम- के आदर्श वाक्य को दोहराते हुए कहा कि यह केवल एक नारा नहीं, बल्कि भारत की समुद्री सीमाओं की सुरक्षा के प्रति एक गंभीर प्रतिज्ञा है. समुद्री जंग अब सेकेंडों की लड़ाई युद्ध का समय महीनों से घटकर अब सेकेंडों में आ चुका है. राजनाथ सिंह ने भारतीय तटरक्षक को इसके लिए सतर्क व तकनीकी रूप से दक्ष बनने का संदेश दिया. सिंह ने भारतीय तटरक्षक बल के सम्मेलन को संबोधित करते हुए स्पष्ट किया कि आधुनिक युद्ध अब समय की सबसे तेज परीक्षा बन चुके हैं. अब युद्ध महीनों में नहीं, सेकेंडों में लड़े जाते हैं,

बिहार को मिली नई अमृत भारत और 4 ट्रेनें

रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने दिखाई हरी झंडी

पटना/नई दिल्ली 29 सितंबर. रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने दिल्ली से आनलाइन तरीके और बिहार के उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने पटना जंक्शन से सोमवार को हरी झंडी दिखाकर बिहार में चलने वाली तीन नयी अमृत भारत और चार यात्री ट्रेनों को रवाना किया.

ये ट्रेनें बिहार को राजस्थान, दिल्ली और तेलंगाना से जोड़ेंगी. इस मौके पर वैष्णव ने कहा कि इस साल सरकार छठ और दीवाली पर 12,000 विशेष ट्रेन सेवाएं संचालित कर रही है. रेल मंत्री ने जिन तीन अमृत भारत एक्सप्रेस ट्रेनों को आज हरी झंडी दिखायी उनमें बिहार के दरभंगा से राजस्थान के मदार (अजमेर), बिहार के छपरा से दिल्ली के आनंद विहार और बिहार के मुजफ्फरपुर से तेलंगाना के चर्लपल्ली के बीच चलने वाली ट्रेनें शामिल हैं. गौरतलब है कि अमृत भारत एक्सप्रेस विश्वस्तरीय सुविधा और किफायती किराए के लिए जानी जाती हैं.

इन ट्रेनों में 11 कोच सेकंड क्लास और आठ कोच स्लीपर क्लास के हैं. मौजूदा समय में देश के विभिन्न रेल मार्गों पर 12 अमृत भारत ट्रेनें चल रही हैं और इन तीन नयी अमृत भारत ट्रेनों के जुड़ जाने के बाद इनकी संख्या बढ़ाकर 15 हो गयी है. रेल मंत्री ने कहा, नवरात्र के पावन पर्व पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने वस्तु एवं सेवा कर बचत उत्सव का उपहार दिया था और अब मोदी के नेतृत्व में रेलवे में तेजी से काम किया जा रहा है. इसी के तहत बिहार को आज सात नई ट्रेनों की सौगात दी जा रही है, जिनमें तीन अमृत भारत ट्रेनें शामिल हैं. इसके अलावा, चार यात्री ट्रेनें भी आज से शुरू की गई हैं.

पहलगाम विधवाओं के साथ धोखा : केजरीवाल

नई दिल्ली, 29 सितंबर. अरविन्द केजरीवाल ने आप के दिल्ली प्रदेश अध्यक्ष सौरभ भारद्वाज का पोस्ट रिट्वीट किया. जिसमें सौरभ भारद्वाज ने मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स (पूर्व ट्विटर) पर केंद्र की नीतियों और मीडिया प्रबंधन की आलोचना की.

आम आदमी पार्टी ने सोमवार को केंद्र की भाजपा सरकार पर तीखा हमला बोला और कहा कि भारत और पाकिस्तान के बीच हुए क्रिकेट मैच से राजनीतिक और आर्थिक रूप से जिनलोगों को लाभ पहुंचाने का दावा किया जा रहा है, उससे वास्तविक पीड़ित पहलगाम हमले की विधवाएं ठगा गई हैं. आप के दिल्ली प्रदेशाध्यक्ष सौरभ भारद्वाज ने एक्स पर केंद्र की नीतियों और मीडिया प्रबंधन की आलोचना की. भारद्वाज ने अपने पोस्ट में आरोप लगाया सरकार ने पहलगाम की 26 विधवाओं को धोखा देकर पाकिस्तान के साथ मैच खेला और इस कार्रवाई से उन पर आशीर्वाद दिखाने का रंग लगाया गया. इस बीच, भाजपा या केंद्रीय गृह मंत्रालय की ओर से अभी तक इस पर कोई आधिकारिक प्रतिक्रिया सार्वजनिक नहीं की है. राज्य और केंद्र सरकारों के बीच भविष्य में इस मुद्दे पर बातचीत या औपचारिक जांच की संभावना बनी हुई है.

उन्होंने कहा कि सरकार और उसके समर्थक गलत दावों व मीडिया प्रोपगैंडा के जरिये मामले को तुच्छ बना रहे हैं और वास्तविक मुआवजे तथा न्याय के सवालों से ध्यान हटाने की कोशिश कर रहे हैं. आप नेता ने आर्थिक दावों को भी चुनौती दी— उन्होंने दावा किया कि भारत-पाकिस्तान मैच से 490 करोड़ से 630 करोड़ रुपये की कमाई हुई और यदि यह राशि कथित तौर पर पीड़ितों को बांटी जाती तो प्रत्येक परिवार को 19 से 25 करोड़ रुपये मिलते. भारद्वाज ने इस तरह के दावों को ऑड-एडिट किए गए वीडियो और पायरेटेड कंटेंट से जोड़ते हुए कहा कि सत्तारूढ़ पार्टी और उसके सहयोगी तथ्यों को तोड़-मरोड़ कर जनता के सामने पेश कर रहे हैं. उन्होंने आगे केंद्र पर तीखा प्रहार करते हुए कहा, झूठ की फैक्ट्री कान खोल के सुन — अपनी घटिया स्क्रिप्ट पर खिलाड़ियों और अभिनेताओं को नचाना बंद करो.

रूसी महिला हिरासत में, जासूसी का शक

मास्को, 29 सितंबर. रूसी संघीय सुरक्षा सेवा (एफएसबी) ने सोमवार को कहा कि उसने रूसी महिला सेवस्तोपोल को यूक्रेनी सैन्य खुफिया विभाग के लिए जासूसी करने और काला सागर बेड़े के जहाजों की तैनाती स्थानों की तस्वीरें प्रदान करने पर हिरासत में लिया है. जिनका इस्तेमाल यूक्रेन ने मिसाइल हमलों की योजना बनाने के लिए किया था. एफएसबी ने एक बयान में कहा, रूस की संघीय सुरक्षा सेवा ने 1980 में जन्मी एक रूसी नागरिक को सेवस्तोपोल में हिरासत में लिया है, जो यूक्रेनी विशेष सेवाओं की ओर से खुफिया गतिविधियां चला रही थी.

कैंसर पीड़ित के इलाज की योगी ने की मदद

लखनऊ, 29 सितंबर. उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सोमवार को जनता दर्शन के दौरान एक बुजुर्ग महिला के कैंसर पीड़ित बेटे को एंबुलेंस से सीधे कल्याण सिंह सुपर स्पेशियिलिटी कैंसर इंस्टीट्यूट भिजवाया और बेहतर इलाज का निर्देश दिया.

योगी ने सोमवार सुबह जनता दर्शन किया. इस दौरान प्रदेश के 50 से अधिक पीड़ित पहुंचे. मुख्यमंत्री एक-एक करके सभी के पास पहुंचे, उनका प्रार्थना पत्र लिया और अफसरों को तत्काल उचित निराकरण का निर्देश दिया. इसी बीच कानपुर के रायपुरवा की 63-64 वर्षीय बुजुर्ग महिला ने मुख्यमंत्री से कहा कि महाराज, हमारे जवान बेटे को कैंसर हो गया है. हम गरीब हैं, इलाज नहीं करा पा रहे. हमारे पास आयुष्मान कार्ड भी नहीं है. मेरे बेटे को जिंदगी दे दीजिए. इलाज के लिए कुछ आर्थिक सहायता मिल जाए. बुजुर्ग महिला की यह बात सुन मुख्यमंत्री योगी ने तत्काल उस बच्चे को कल्याण सिंह कैंसर सुपर स्पेशियिलिटी इंस्टीट्यूट भिजवाने और उपचार प्रारंभ कराने का निर्देश दिया. मुख्यमंत्री के निर्देश पर %जनता दर्शन से सीधे उसे अस्पताल भेज दिया गया. वहां उसकी जांच प्रारंभ हो गई. मुख्यमंत्री ने हर पीड़ित से मुलाकात की. उन्होंने कहा कि सरकार हर सेवा, नारायण सेवा को अंगीकृत कर कार्य कर रही है. सभी प्रदेशवासियों के चेहरे पर खुशी लाना सरकार का उद्देश्य है.

मुर्मु, मोदी और शाह ने दी टीम इंडिया को बधाई

नई दिल्ली 29 सितंबर. राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, गृहमंत्री अमित शाह और उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ सहित विभिन्न नेताओं ने एशिया कप के विजेता बनने पर भारतीय क्रिकेट टीम को बधाई दी है. मुर्मु ने भारतीय टीम को बधाई देते हुए एक्स पर लिखा, एशिया कप क्रिकेट टूर्नामेंट जीतने पर टीम इंडिया को मेरी हार्दिक बधाई. टीम ने टूर्नामेंट में एक भी मैच नहीं हारा, जिससे खेल में उनका दबदबा कायम रहा. मैं कामना करती हूं कि टीम इंडिया भविष्य में भी इसी तरह अपना परचम लहराए. वहीं, मोदी ने भारतीय टीम को जीत की बधाई देते हुए एक्स पर लिखा, खेल के मैदान पर ऑपरेशन सिंदूर नतीजा वही, भारत जीत गया!

एक नजर में

वियतनाम में तूफान बुआलोई ने दी दस्तक

हनोई, 29 सितंबर. तूफान बुआलोई ने सोमवार सुबह मध्य वियतनाम में दस्तक दे दी, जिससे अनेक क्षेत्रों में तेज हवाएँ और मूसलाधार बारिश शुरू हो गयी है. वियतनाम के राष्ट्रीय जल-मौसम विज्ञान पूर्वानुमान केंद्र के उप निदेशक डॉ. होआंग फुक लाम ने तूफान बुआलोई के मद्देनजर आज दोपहर से 30 सितंबर तक उत्तरी डेल्टा फु थो और दक्षिणी प्रांतों सोन ला, लाओ कै और थान होआ में बहुत भारी बारिश होने का अनुमान व्यक्त किया है. श्री लाम ने कहा इसके असर से कुल वर्षा 100-200 मिमी और स्थानीय स्तर पर 300 मिमी से अधिक होगी. उन्होंने 150 मिमी/तीन घंटे से अधिक भारी बारिश की चेतावनी दी है. उत्तर वियतनाम के अन्य स्थानों में मध्यम, भारी और कुछ स्थानों पर बहुत भारी बारिश हो सकती है. कुल वर्षा 70 से 150 मिमी के बीच तथा स्थानीय स्तर पर 200 मिमी से अधिक हो सकती है. इसके अलावा निचले, पहाड़ी और मध्य-भूमि क्षेत्रों में अचानक बाढ़, भूस्खलन और व्यापक सैलाब आने का खतरा बहुत अधिक बना हुआ है.

कांग्रेस ने भाजपा पर कार्रवाई न होने पर उठाए सवाल

नई दिल्ली 29 सितंबर. कांग्रेस ने लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी को जान से मारने की धमकी की कड़ी निंदा करते हुए कहा है कि यह हैरानी की बात है कि भाजपा गांधी को जान से मारने की धमकी देने वाले अपने प्रवक्ता के खिलाफ कार्रवाई नहीं कर रही है. पार्टी ने सोमवार को कहा कि भाजपा प्रवक्ता की यह धमकी अतिश्योक्ति नहीं है बल्कि सोची-समझी रणनीति का हिस्सा है. कांग्रेस के लिए यह न्याय की लड़ाई है और ऐसी धमकियां देकर भाजपा ने हर नागरिक की सुरक्षा की गारंटी देने वाले संविधान और लोकतंत्र पर सीधा हमला किया है. गांधी को पहले भी विभिन्न अवसरों पर धमकियां दी जाती रही हैं, लेकिन भाजपा प्रवक्ता की लोकसभा में विपक्ष के नेता गांधी को लाइव टेलीविजन शो पर जान से मारने की यह धमकी उसकी मंशा पर गंभीर सवाल उठाती है. कांग्रेस ने एक बयान में सवाल किया कि क्या गांधी के खिलाफ कोई बड़ी और भयावह साजिश हो रही है, इसलिए भाजपा जान से मारने की धमकियों की राजनीति का समर्थन करती है. अगर ऐसा नहीं है तो भाजपा को तत्काल अपने प्रवक्ता के खिलाफ कार्रवाई करनी चाहिए. कांग्रेस पार्टी ने गाली देने वाले भाजपा प्रवक्ता पिंटू महादेव के खिलाफ तत्काल कार्रवाई करने की मांग करते हुए कहा है कि भाजपा नेतृत्व को इस मामले में देश से माफी मांगनी चाहिए. इस तरह की धमकी गांधी को देश के लोगों के लिए खड़े होने और संविधान की रक्षा करने से नहीं रोक पाएगी.

राजस्थान का समग्र विकास होगा : भजनलाल

जयपुर, 29 सितंबर. राजस्थान के मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा है कि प्रदेश की सभी 200 विधानसभा क्षेत्रों के समग्र विकास के लिए राज्य सरकार पूरी प्रतिबद्धता और संकल्प के साथ कार्य कर रही है और प्रदेश को प्रगति की ऊंचाईयों पर पहुंचाना उसका मुख्य ध्येय है.

शर्मा सोमवार को जयपुर में सांगानेर क्षेत्र के विभिन्न विकास कार्यों के लोकार्पण एवं शिलान्यास समारोह को संबोधित कर रहे थे. उन्होंने कहा कि सांगानेर न केवल जयपुर का बल्कि पूरे राजस्थान का एक महत्वपूर्ण औद्योगिक और सांस्कृतिक केंद्र है. हम सांगानेर को विकास के पायदान पर आगे खड़ा रहने की प्राथमिकता से कार्य कर रहे है. जिससे विकसित राजस्थान के संकल्प में यह क्षेत्र अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकें. उन्होंने कहा कि हमारी सरकार ने सांगानेर में विकास के नए कीर्तिमान स्थापित किए है. राज्य सरकार द्वारा सांगानेर में बिजली के क्षेत्र में ही लगभग 100 करोड़ रुपये के कार्य किए गए. इस विधानसभा क्षेत्र में यूनिटी मॉल, जयपुर मेट्रो, सांगानेर फ्लाईओवर से चौरडिया पेट्रोल पंप तक एलीवेटेड रोड का निर्माण सहित विभिन्न विकास कार्य किए जा रहे है.

मुख्यमंत्री ने कहा कि आज सांगानेर को लगभग 700 करोड़ रूपये के विकास कार्यों की सौगात मिलने जा रही है. सांगानेर में विद्युत, सड़क, शिक्षा, नगरीय विकास सहित विभिन्न क्षेत्रों के 529 करोड़ रुपये से अधिक लागत के विकास कार्यों का लोकार्पण किया है. सांगानेर स्टेडियम में करीब 171 करोड़ के कार्यों का लोकार्पण एवं शिलान्यास किया गया है. उन्होंने कहा 218 करोड़ से अधिक की लागत वाली गोपालपुरा बाईपास पर त्रिवेणी नगर आरओबी से गुर्जर की थड़ी के पास तक एलिवेटेड रोड के निर्माण कार्य का शिलान्यास भी किया जा रहा है.

करूर हादसे पर नड्डा की श्रद्धांजलि

नई दिल्ली, 29 सितंबर. तमिलनाडु के करूर में थलपति विजय की रैली में मची भगदड़ ने पूरे देश को झकझोर दिया. भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा ने मृतकों को श्रद्धांजलि दी है और हालात की पड़ताल के लिए एक प्रतिनिधिमंडल गठित किया है, जिसमें कई वरिष्ठ नेता शामिल हैं. भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा ने तमिलनाडु के करूर में हुई दर्दनाक भगदड़ में जान गंवाने वाले लोगों के प्रति गहरी संवेदना व्यक्त की है. उन्होंने मृतकों को श्रद्धांजलि अर्पित की और घायलों के शीघ्र स्वस्थ होने की कामना की. यह भगदड़ अभिनेता से नेता बने थलपति विजय की एक राजनीतिक रैली के दौरान मची थी, जिसमें 41 लोगों की मौत हो गई और 60 से अधिक घायल हो गए. नड्डा ने हादसे की गंभीरता को देखते हुए राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) की ओर से एक आठ सदस्यीय प्रतिनिधिमंडल गठित किया है, जो मौके पर जाकर हालात की समीक्षा करेगा और पीड़ित परिवारों से मुलाकात करेगा. यह टीम जल्द ही पार्टी नेतृत्व को अपनी रिपोर्ट सौंपेगी.

हूतियों ने ऐलात में मिसाइल व ड्रोन दागे

दोहा, 29 सितंबर. शिया सैन्य-राजनीतिक आंदोलन अंसार अल्लाह (जिसे हूती भी कहा जाता है और जिसका नियंत्रण उत्तरी यमन पर है) ने इजरायल के तेल अवीव और ऐलात बंदरगाह को निशाना बना हाइपरसोनिक मिसाइल और ड्रोन दागा.

शिरीष आरबीआई के डिप्टी गवर्नर नियुक्त

नई दिल्ली. केंद्र सरकार ने सोमवार को शिरीष चंद्र मुर्मु को तीन साल के लिए भारतीय रिजर्व बैंक का डिप्टी गवर्नर नियुक्त किया, उनकी नियुक्ति को केंद्रीय मंत्रिमंडल की नियुक्ति समिति ने मंजूरी दे दी है. यह 9 अक्टूबर से लागू होगी. वह एम राजेश्वर राव की जगह लेंगे, जिनकी सेवा अवधि 8 अक्टूबर को समाप्त होने वाली है. वर्तमान में शिरीष आरबीआई में एग्जीक्यूटिव डायरेक्टर के पद पर कार्यरत हैं और सुपरविजन विभाग की देखरेख करते हैं. आरबीआई में 4 डिप्टी गवर्नर होने चाहिए. दो बैंक के अंदर से, एक अर्थशास्त्री और एक कमर्शियल बैंकिंग सिस्टम से. टी राबी शंकर और स्वामीनाथन जे अन्य डिप्टी गवर्नर हैं. राजेश्वर राव ने इस पद पर पांच साल पूरे कर लिए हैं. वे पहली बार 2020 में तीन साल के कार्यकाल के लिए डिप्टी गवर्नर बने थे, और बाद में 2023 और 2024 में उन्हें एक-एक साल का दो बार विस्तार दिया गया.

खाने में चिकन मांगने पर मां ने की बेटे की हत्या, बेटी पर भी हमला

मुंबई 29 सितंबर. महाराष्ट्र के पालघर जिले में एक 40 वर्षीय महिला को अपने सात वर्षीय बेटे की हत्या करने और अपनी दस वर्षीय बेटी पर गंभीर हमला करने के आरोप में गिरफ्तार किया है. इस बात की जानकारी एक पुलिस अधिकारी ने दी. जिला पुलिस अधीक्षक यतीश देशमुख के अनुसार आरोपी की पहचान पल्लवी धुम्ड़े के रूप में हुई है. मृतक की पहचान सात वर्षीय चिन्मय धुम्ड़े के रूप में हुई है. पुलिस ने बताया कि उसकी दस वर्षीय बहन पर भी हमला किया गया था और उसका अस्पताल में गंभीर चोटों का इलाज चल रहा है.

SMFG INDIA CREDIT COMPANY LIMITED

कॉर्पोरेट कार्यालय: 10वीं मंजिल, कार्यालय संख्या 101,102 और 103, 2 नॉर्थ एवेन्यू, मेकर मैक्सिटी, बांद्रा कुर्ला कॉम्प्लेक्स, बांद्रा (ई), मुंबई - 400051।

मांग नोटिस

वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण और पुनर्निर्माण तथा प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 ("अधिनियम") और प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियम, 2002 ("नियम") के प्रावधानों के अंतर्गत

अधोहस्ताक्षरी, अधिनियम के अंतर्गत एसएमएफजी इंडिया क्रेडिट कंपनी लिमिटेड (एसएमएफजी इंडिया क्रेडिट) के प्राधिकृत अधिकारी होने के नाते और नियम 3 के साथ पठित अधिनियम की धारा 13`(12) के तहत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए, अधिनियम की धारा 13(2) के अंतर्गत मांग सूचना जारी करते हुए, निम्नलिखित उधारकर्ता(ओं) से उक्त सूचना की प्राप्ति की तिथि से 60 दिनों के भीतर संबंधित सूचना(ओं) में उल्लिखित राशि चुकाने का आह्वान किया है। अधोहस्ताक्षरी का उचित रूप से मानना है कि उधारकर्ता(ओं) मांग सूचना(ओं) की तामील से बच रहा है/रहे हैं, इसलिए नियमों के अनुसार नोटिस की तामील चिपकाकर और प्रकाशित करके की जा रही है। मांग सूचना(ओं) की विषय-वस्तु नीचे उद्धृत है:

उधारकर्ता का नाम	मांग सूचना की तिथि और राशि
1. श्री कृष्ण उत्पाद 2. राम कुमार शर्मा 3. पुनम शर्मा LAN-267520911454653	23 सितंबर, 2025, 25,13,308/- (पच्चीस लाख तेरह हजार तीन सौ आठ मात्र)। 23 सितंबर, 2025 तक

अचल संपत्ति का विवरण : गिरवी संपत्ति के मालिक - राम कुमार शर्मा/पूनम शर्मा। संपत्ति विवरण - मकान संख्या 1804, नगर निगम मकान संख्या 1804, आबादी खसरा संख्या 497/1, 988 वर्ग फीट निर्मित क्षेत्रफल, बस्ती संख्या 599, फोन संख्या 28, मौजा गरदा, रानी दुर्गावती वार्ड, तहसील और जिला जबलपुर (मध्य प्रदेश) में स्थित है। सीमाएं: उत्तर में इलाहाबादी मिश्रा का घर, दक्षिण में रवींद्र पचोरी का घर, पूर्व की ओर सड़क, पश्चिम में इलाहाबादी मिश्रा का घर

उधारकर्ता(ओं) को सलाह दी जाती है कि वे मांग नोटिस(ओं) का अनुपालन करें और इसमें उल्लिखित मांग राशि का भुगतान इस प्रकाशन की तारीख से 60 दिनों के भीतर लागू ब्याज, अतिरिक्त ब्याज, बाउंस शुल्क, लागत और खर्चों के साथ भुगतान की वसूली की तारीख तक करें। उधारकर्ता ध्यान दें कि एसएमएफजी इंडिया क्रेडिट एक सुरक्षित लेनदार है और उधारकर्ता(ओं) द्वारा प्राप्त ऋण सुविधा उधारकर्ता(ओं) द्वारा गिरवी रखी गई अचल संपत्ति/संपत्तियों के खिलाफ एक सुरक्षित ऋण है। यदि उधारकर्ता निर्धारित समय के भीतर अपनी देनदारियों का पूरा निर्वहन करने में विफल रहता है, तो एसएमएफजी इंडिया क्रेडिट सुरक्षित परिसंपत्तियों पर कब्जा करने के लिए अधिनियम की धारा 13(4) के तहत सभी अधिकारों का प्रयोग करने का हकदार होगा, जिसमें बिक्री के माध्यम से या अधिनियम और उसके नियमों के तहत उपलब्ध किसी अन्य उपाय को लागू करके हस्तांतरण करना और भुगतान प्राप्त करना शामिल है, लेकिन यह इतने तक ही सीमित नहीं है। एसएमएफजी इंडिया क्रेडिट को बिक्री या हस्तांतरण के अधिकार को लागू करने से पहले सुरक्षित परिसंपत्ति (परिसंपत्तियों) को कुर्क करने और/या सील करने का भी अधिकार है। सुरक्षित परिसंपत्ति(ओं) की बिक्री के बाद, एसएमएफजी इंडिया क्रेडिट को बकाया राशि वसूलने के लिए अलग से कानूनी कार्यवाही शुरू करने का भी अधिकार है, यदि गिरवी रखी गई संपत्तियों का मूल्य एसएमएफजी इंडिया क्रेडिट को देय बकाया राशि को कवर करने के लिए अपर्याप्त है। यह उपाय किसी अन्य कानून के तहत एसएमएफजी इंडिया क्रेडिट के लिए उपलब्ध सभी अन्य उपायों के अतिरिक्त और स्वतंत्र है। उधारकर्ता(ओं) का ध्यान सुरक्षित परिसंपत्तियों को भुनाने के लिए उपलब्ध समय के संबंध में अधिनियम की धारा 13(8) और अधिनियम की धारा 13(13) की ओर आकर्षित किया जाता है, जिसके तहत उधारकर्ता(ओं) को सुरक्षित परिसंपत्ति(ओं) का निपटान करने या उनसे निपटने या बिक्री, पट्टे या अन्यथा (व्यावसायिक गतिविधि के अलावा) किसी भी सुरक्षित परिसंपत्ति(ओं) को स्थानांतरित करने से रोका/निषिद्ध किया जाता है, बिना एसएमएफजी इंडिया क्रेडिट की पूर्व लिखित सहमति के और उपरोक्त का अनुपालन न करना उक्त अधिनियम की धारा 29 के तहत दंडनीय अपराध है। मांग नोटिस की प्रति अधोहस्ताक्षरी के पास उपलब्ध है तथा उधारकर्ता, यदि चाहें तो, सामान्य कार्यालय समय के दौरान किसी भी कार्य दिवस पर अधोहस्ताक्षरी से इसे प्राप्त कर सकते हैं।

स्थान: मध्य प्रदेश
दिनांक: 30.09.2025

एसडी/-, प्राधिकृत अधिकारी,
एसएमएफजी इंडिया क्रेडिट कंपनी लिमिटेड

MP POWER MANAGEMENT CO. LTD.
Rampur, Jabalpur
TENDER INVITATION

1	Tender No.	2025_MPPMC_454582_1
2	Tender Specification No.	EE/C/I/1088
3	Tender Type/Mode of Tender	Double Envelope/e-Tendering
4	Tender for	Renewal of existing bituminous surface of colony area of Rampur & Nayagaon at MPPMCL Rampur, Jabalpur.
5	Bids Submission Last Date & Time	16-Oct-2025 15:00:00
6	Tender opening date and time	22-Oct-2025 15:30:00
7	Bid Fee (INR)	Rs. 885/- (with GST)
8	Earnest Money (INR)	Rs. 36,000/-
9	Eligibility of Contractor	Registered in MPPMCL in D or above category or having experience as per bid data sheet.
10	Tender Forms Available at Website	www.mptenders.com
11	Contact No. for any other details required.	0761-2702833/2702888

Note - The due date of extension or any corrigendum will not be published in newspapers and only uploaded on MP Tenders Site.
M.P. Madhyam/122346/2025 EXECUTIVE ENGINEER (Civil) Dn-I

सत्तारूढ़ पार्टी को मिली जीत संसदीय चुनाव में 53 सीटें हासिल

पीएएस को 49.85 प्रतिशत मत मिले

चिशिनाउ, 29 सितंबर. मोल्दोवा की यूरोपीय संघ समर्थक पार्टी पीएएस ने संसदीय चुनाव में स्पष्ट बहुमत हासिल किया है.

पीएएस ने 101 सीटों में से करीब 53 सीटें जीती हैं, जिससे उसे बिना गठबंधन सरकार बनाने का मौका मिलेगा. जबकि विपक्ष ने कांटे की टक्कर देते हुए 48 सीटों जीतीं. केंद्रीय चुनाव आयोग ने 99.03 प्रतिशत मतों की गणना के बाद यह जानकारी दी. आनुपातिक प्रणाली के तहत हुए मतदान के बाद पांच राजनीतिक ताकतें देश की संसद में प्रवेश कर गई हैं. इस चुनाव में पीएएस को 49.85 प्रतिशत मत मिले. पैट्रियटिक ब्लॉक 24.36 प्रतिशत जनादेश के साथ 27 सीटें हासिल करके दूसरे स्थान पर रही. वहीं अल्टरनेटिव ब्लॉक को 8.02 प्रतिशत वोट के साथ नौ सीटें हासिल हुई हैं.

आवर पार्टी को 6.24 प्रतिशत मतदाताओं का समर्थन प्राप्त होने के साथ छह सीटें मिली है. डेमोक्रेसी एट होम पार्टी को छह ही सीटें मिलीं और उसे 5.65 प्रतिशत मतदाताओं का समर्थन मिला. गौरतलब है मोल्दोवा की संसद में 101 सीटें हैं और इसके सदस्य चार साल का कार्यकाल पूरा करते हैं.

भारतीय खाद्य निगम
क्षेत्रीय कार्यालय, चेतक भवन, महाराणा प्रताप नगर, भोपाल (म.प्र.) 462011
दूरभाष: 0755-2573444, फैक्स : 0755-2573418, ईमेल: gmmp.fci@gov.in

क्र. एसएंडसी/15/आरटीसी/आरएण्डसी एनआईटी/2025/29 दिनांक: 30.09.2025
क्र. एसएंडसी/15/आरटीसी/आरएण्डसी एनआईटी/2025/30

निविदा आमंत्रण सूचना

जोखिम एवं खर्च पर ठेकेदार की नियुक्ति के लिए Government E Marketing Portal (URL:https://gem.gov.in) पर online प्रस्ताव आमंत्रित किये जाते है। कार्य की जानकारी, महत्वपूर्ण तिथियों, ईमएडी एसडी एवं निविदा के बारे मे विस्तृत विवरण वेबसाइट www.fci.gov.in & www.gem.gov.in पर उपलब्ध विस्तृत एनआईटी एवं एमटीएफ में देखा जा सकता है।
किसी विवाद की स्थिति में निविदा आमंत्रण सूचना का अंग्रेजी रूपांतरण मान्य/वैध होगा।

महाप्रबंधक (क्षेत्र)

कार्यालय मुख्य खण्ड चिकित्सा अधिकारी
सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र खैरलांजी
E-mail id. bmo.khairlanji@gmail.com
क्र/स्था/आर सी एच / लेखा / 2025/622 दिनांक:- 29/09/2025

निविदा आंमत्रण

उपस्वास्थ्य केन्द्र खुर्सीपार में भवन रिपेयरिंग, पुताई एवं अन्य कार्य के लिये प्रधानमंत्री खनिज क्षेत्र कल्याण योजना से कार्य की लागत 500000/- (पाँच लाख) मे कार्य किया जाना है इच्छुक निविदाकार कार्यालयीन दिवस में दिनांक 29/09/2025 से दिनांक 05/10/2025 तक मुख्य खण्ड चिकित्सा अधिकारी वारासिवनी में 3.00 बजे तक कोटेशन निविदा पी.डब्ल्यू.डी. एस.ओ.आर दर से शील बन्द लिफाफे में निविदा जमा कर सकते है।

मुख्य खण्ड चिकित्सा अधिकारी
सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र खैरलांजी

CENTRUM Home Loans — Aao milkar ghar banaye

कॉर्पोरेट और पंजीकृत कार्यालय: यूनिट नंबर 801, सेंट्रम हाउस, सीएसटी रोड, विद्यानगरी मार्ग, कलिना सांताक्रूज (पूर्व), मुंबई - 400098, सीआईएन नंबर U65922MH2016PLC273826
सेंट्रम हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड कार्यालय नंबर 2 मंजिल, 30 फ्रीगंज, रतलाम - 457001, मध्य प्रदेश।

सेंट्रम हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड के प्राधिकृत अधिकारी द्वारा वित्तीय आस्तियों के प्रतिभूतिकरण और पुनर्निर्माण तथा प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 के अंतर्गत उधारकर्ता/ऋणकताओं से देय राशि की वसूली हेतु नीचे उल्लिखित सुरक्षित परिसंपत्ति का कब्जा लेने के अनुसरण में, अधोहस्ताक्षरी द्वारा नीचे वर्णित अचल संपत्ति, जो भौतिक कब्जे में है, की खरीद के लिए सीलबंद लिफाफों में 'जैसा है जहाँ है', 'जैसा है जो है' के आधार पर प्रस्ताव आमंत्रित किए जाते हैं, जिनका विवरण नीचे दिया गया है:-

| स. क्रं. |